सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 322 | इंदौर, मंगलवार 09 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## अगले हफ्ते मध्य प्रदेश में मानसून की हो सकती है एंट्री

● कई जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक अब करीब नजर आ रही है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक 15 से 18 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। इंदौर और जबलपुर संभाग के रास्ते मानसून के आने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल और बालाघाट समेत कई जिलों में तेज हवा और बारिश की संभावना है। प्री-मानसून गतिविधियों के चलते मौसम लगातार बदल रहा है।

### दो दिन लू का भी असर रहेगा

बारिश के बीच गर्मी का असर भी बना हुआ है। 10 और 11 जून को भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में लोगों को दिन के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### मंडला रहा सबसे गर्म जिला

सोमवार को मंडला में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा, खजुराहो, दमोह और मलाजखंड में भी पारा 42 डिग्री के आसपास रहा। ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर में भी गर्मी का असर महसूस किया गया। रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट जिलों में अगले तीन से चार दिनों तक गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। कई स्थानों पर मध्यम वर्षा भी हो सकती है।

### भोपाल-नर्मदापुरम क्षेत्र को मिलेगी राहत

भोपाल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा में बादल छाने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। इससे तापमान में कमी आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। इंदौर, उज्जैन, धार, खरगोन, बड़वानी, खंडवा और बुरहानपुर में अरब सागर से आने वाली नमी का असर दिखेगा। यहां बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

### तापमान में 2 से 5 डिग्री तक गिरावट संभव

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कमी आ सकती है। मौसम में यह बदलाव मानसून की एंट्री के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण, ट्रफ लाइन और प्री-मानसून सिस्टम सक्रिय हैं। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव भी मौसम को प्रभावित कर सकता है, जिससे आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलता रहेगा

● पीथमपुर में हेलियन की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, सीएम बोले-

# 2 हजार करोड़ के निवेश से 1000 लोगों को मिलेगा रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और देश तेजी से ग्लोबल फार्मा हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मध्यप्रदेश की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीथमपुर में स्थापित होने जा रही हेलियन ग्रुप की पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री यादव ने रिमोट के माध्यम से यूनिट का सांकेतिक भूमि-पूजन करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश आज औद्योगिक विकास और निवेश के नए युग में प्रवेश कर रहा है। राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेशकों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण देश और दुनिया की बड़ी कंपनियां मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हेलियन द्वारा भारत में अपनी पहली मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए पीथमपुर का चयन करना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।



### 30 प्रतिशत महिलाओं को मिलेगा रोजगार

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को उद्योग स्थापना से लेकर उत्पादन शुरू होने तक हर स्तर पर पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। हेलियन की इस परियोजना में प्रारंभिक रूप से 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे लगभग 1000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कंपनी द्वारा 30 प्रतिशत तक महिलाओं को रोजगार देने के लक्ष्य की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### 300 से अधिक फार्मा कंपनियां सक्रिय

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्तमान में 300 से अधिक फार्मा कंपनियां और 30 से अधिक एपीआई एवं बल्क ड्रग निर्माता सक्रिय हैं। इनके उत्पाद अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के कई देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। राज्य में 75 से अधिक मेडिकल डिवाइस यूनिट्स भी कार्यरत हैं और प्रदेश के कुल निर्यात में फार्मा क्षेत्र का लगभग 20 प्रतिशत योगदान है। इंदौर, पीथमपुर, मंडीदीप, भोपाल, देवास और उज्जैन जैसे औद्योगिक क्षेत्र फार्मा मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### निवेश को दो लाख करोड़ पहुंचेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में यूनाइटेड किंगडम में आयोजित 'इन्वेस्ट इन एमपी रोड शो' के दौरान जो निवेश संभावनाओं का बीज बोया गया था, वह आज पीथमपुर में वास्तविक रूप ले रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हेलियन का निवेश भविष्य में 2 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचेगा। कार्यक्रम में हेलियन ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन मैकनामारा ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और मध्यप्रदेश भारत का तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक राज्य है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने फिलहाल 175 मिलियन पाउंड का निवेश किया है और भविष्य में पीथमपुर स्थित यूनिट का विस्तार भी किया जाएगा।

### एशिया में कंपनी की सबसे बड़ी उत्पादन इकाई होगी

हेलियन इंडिया के अध्यक्ष केदार लेले ने बताया कि करीब 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली यह यूनिट दक्षिण एशिया में कंपनी की सबसे बड़ी उत्पादन इकाई होगी। यहां मुख्य रूप से ओरल हेल्थ उत्पादों का निर्माण किया जाएगा, जिनकी आपूर्ति भारत के साथ एशिया-प्रशांत, मध्य-पूर्व और अफ्रीकी देशों में भी की जाएगी। परियोजना से स्थानीय एमएसएमई, सप्लायर नेटवर्क, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और अन्य सहायक उद्योगों को भी व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बवाल

# प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों की झड़प में 11 की मौत, 70 घायल

**मुजफ्फराबाद/लाहौर, (एजेंसी)** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जेएएसी कार्यकर्ता की गोलीबारी में मौत के बाद हिंसा भड़क गई। रावलकोट व आसपास में प्रदर्शनकारियों व सुरक्षा बलों में हुई झड़प में 11 लोग मारे गए, जबकि 70 से अधिक लोग घायल हो गए। यह झड़प मंगलवार को जेएएसी की तरफ से प्रस्तावित लॉकडाउन से पहले हुई।

पुलिस ने बताया कि जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रदर्शनकारी एक अस्पताल की मॉर्चरी के बाहर जमा हुए थे। वहां समूह के एक सदस्य का शव लाया गया था जिसकी मौत पुलिस की फायरिंग में हुई थी।

पुंछ सेक्टर के कमिश्नर सरदार वहीद खान ने बताया, प्रदर्शनकारियों की गोलीबारी में चार पुलिस अधिकारी और एक राहगीर की मौत हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में छह प्रदर्शनकारी मारे गए। पुलिस प्रमुख लियाकत मलिक ने बताया कि रविवार की घटना में 23



सुरक्षाकर्मी और 50 प्रदर्शनकारी घायल हुए थे। 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जेएएसी ने क्षेत्रीय विधानसभा के लिए 27 जुलाई को होने वाले चुनावों के विरोध में मंगलवार को लॉकडाउन का आह्वान किया है। विधानसभा की 45 में से 12 सीटें शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जिनका दुरुपयोग किया जाता है। इन सीटों पर स्थानीय लोगों के बजाय पाकिस्तान के दूसरे हिस्सों के लोगों को नामित कर दिया जाता है।

क्षेत्रीय सरकार ने शुक्रवार को जेएएसी को आतंकरोधी कानून के तहत एक प्रतिबंधित समूह घोषित कर दिया था। सरकार ने घरेलू व विदेशी पर्यटकों को 9 जून से पहले इलाका छोड़ने की सलाह दी है। भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में किसी भी चुनाव का पुरजोर विरोध किया है। नई दिल्ली ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर व लद्दाख हमारा है। पाकिस्तान अवैध कब्जा जल्द खाली करे।

# उद्यानिकी का रकबा बढ़ाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें : कृषि उत्पादन आयुक्त श्री वर्णवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)




इंदौर। कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल की अध्यक्षता में इंदौर के एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में सोमवार को रबी 2025-26 की समीक्षा एवं खरीफ-2026 की तैयारी हेतु इंदौर संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े, प्रमुख सचिव सहकारिता डी.पी. आहूजा, उद्यानिकी विभाग के सचिव जान किंग्स ली, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा, उद्यानिकी संचालक अरविंद दुबे सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपायुक्त (राजस्व) श्रीमती सपना लोवंशी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने कृषि , उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सहकारिता एवं अन्य संबंधित संस्थाओं की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों के संबंध में समीक्षा की। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिलों में कृषि क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों के बारे में बताया।

बैठक में आयुक्त श्री वर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे योजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ति करें। अधिकारी मैदानी स्तर पर जाकर भौतिक सत्यापन के साथ इसकी मॉनिटरिंग भी करें। राज्य शासन की समस्त योजनाओं का लाभ हितग्राही किसानों को मिले और कोई भी इससे वंचित नहीं रहें। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। किसानों के द्वारा उत्पादित फसल का भुगतान समय सीमा में सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में आयुक्त श्री वर्णवाल ने कहा कि अधिकारी किसानों से आग्रह करें कि उद्यानिकी में अपार संभावनाएं हैं, अतः किसानों के बीच जाकर उद्यानिकी का रकबा अधिक बढ़ाने के लिये उन्हें प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार कम मूल्य की फसलों के बजाय अधिक मूल्य वाली फसलों का उत्पादन अधिक करें। कृषि उत्पादन में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकों का प्रयोग करें और नवाचार को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। अधिकारी किसानों को फसल उत्पादन के लिए समय पर बीज, उर्वरक आदि उपलब्ध करायें। खेतों में बीटी कॉटन के साथ अन्य कपास की प्रजातियों का भी उत्पादन करें, जिससे कीटों की समस्या कम होगी। सोयाबीन फसल के विकल्प के रूप में अरहर पूसा-16 को लगाकर उत्पादन बढ़ाया जायें। फसल उत्पादन के लिए किसान डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में जैविक खाद का इस्तेमाल करें। किसानों को बेहतर उत्पादन के लिए मिट्टी परीक्षण करने के लिए प्रेरित करें। बेहतर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बनायें। किसानों की सुविधा के लिए सभी जिलों में खाद वितरण केन्द्र बनायें जायें। किसानों की सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए भण्डारण केन्द्र पर पर्याप्त विश्राम शेड की व्यवस्था की जायें। उन्होंने कहा कि संभाग में कोई भी किसान नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलायें, इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध पंचनामे और अर्थदण्ड की कार्रवाई में तेजी लायें। ई-मण्डी में भुगतान प्राप्त करने वाले किसानों को अधिक समय लग रहा है, उस पर ध्यान दिया जायें। यह प्रयास करें कि किसानों को ई-मण्डी में अपने भुगतान के लिए अधिक समय नहीं लगें। श्री वर्णवाल ने कहा कि संभाग के सभी कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत संभाग में अधिक से अधिक पौधारोपण करायें। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता श्री डी.पी. आहूजा ने कहा कि किसानों को शून्य प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लायें। पैक्स सदस्यता अभियान में तेजी लायें और शिविर लगाकर लक्ष्य को पूरा करें। सहकारिता बैंक अधिकारी कृषि ऋण वसूली में तेजी लायें। बैठक में कृषि विभाग के सचिव श्री निशांत वरवड़े ने कहा कि अधिकारी अमानक उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें। ऐसे विक्रताओं के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करायें। उन्होंने आगे कहा कि जो हितग्राही उर्वरक भण्डारों से आवश्यकता से अधिक उर्वरक प्राप्त कर रहा है, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उर्वरक का इस्तेमाल खेती के लिए ही किया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लक्ष्य को सुनिश्चित करने के लिये तहसील स्तर पर शिविर आयोजित किये जाये।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि संभाग में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों की फार्मल रजिस्ट्री बनाने के कार्य में तेजी लायी जा रही है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि इंदौर जिले में नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन हेतु वैकल्पिक संसाधन एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे उन्हें नरवाई जलाने के बजाय पर्यावरण अनुकूल उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से किसानों को पर्यावरण संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य के महत्व से भी अवगत कराया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि इंदौर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ढक्कनवाला कुआं स्थित ग्रामीण हाट बाजार में सप्ताह में दो दिन प्राकृतिक उत्पादों (फल एवं सब्जियों) का विक्रय किया जाता है। इन उत्पादों को बेहतर प्रतिशाद मिल रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों को भी यहां अवलोकन के लिए आमंत्रित किया गया है।

बैठक में आलीराजपुर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि जिले में आम, सीताफल, पपीता आदि फलों का अच्छा उत्पादन हो रहा है। साथ ही भिण्डी, टमाटर आदि सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। नये-नये कलस्टर बनाये जा रहे है और अधिक से अधिक किसानों को इसमें जोड़ा जा रहा है।

## पिता की फटकार के बाद युवक ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में एक रोलिंग मिल कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक रविवार देर रात शराब पीकर घर पहुंचा था, जिसके बाद पिता ने उसे समझाइश दी थी। इसके कुछ देर बाद उसने कमरे में फांसी लगा ली।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार सूरज नगर निवासी अनिल लोधी (26) पुत्र लक्ष्मण लोधी ने रविवार रात करीब 11 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय उसकी पत्नी अपनी ननद के साथ बाहर टहलने गई हुई थी। लौटने पर उसने अनिल को फंदे पर लटका देखा। पिता लक्ष्मण लोधी ने पुलिस को बताया कि अनिल की शादी इसी साल 1 अप्रैल को हुई थी। रविवार रात वह ठेकेदार के साथ शराब पीकर घर आया था। इस पर उन्होंने उसे फटकार लगाते हुए कहा था कि अभी नई-नई शादी हुई है, इस तरह की आदतों से पत्नी भी उसे छोड़ सकती है। इसके बाद अनिल अपने कमरे में चला गया और आत्मघाती कदम उठा लिया। अनिल एक रोलिंग मिल में काम करता था। परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला है। परिवार में माता-पिता, एक छोटा भाई और दो बहनें हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### वैश्विक कृषि मंथन का केंद्र बनेगा इंदौर

# ब्रिक्स सम्मेलन से पहले विदेशी मेहमानों ने चखा इंदौरी स्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 9 से 13 जून तक इंदौर में आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के कृषि सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है।**



सोमवार को एआईसीटीएसएल कार्यालय में विभिन्न विभागों की बैठक आयोजित कर यातायात, सुरक्षा, आवागमन, स्वागत व्यवस्था और अन्य जरूरी तैयारियों की समीक्षा की गई।

सम्मेलन में शामिल होने के लिए सोमवार को साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया और इथोपिया से डेलीगेट्स इंदौर पहुंचे। विदेशी प्रतिनिधियों ने शहर की प्रसिद्ध 56 दुकान पहुंचकर इंदौरी खानपान का स्वाद चखा। उन्होंने दही-बड़े, कचोरी, जलेबी, गराडू, नमकीन और शिकंजी का आनंद लिया। विदेशी मेहमानों ने शहर की स्वच्छता और खाद्य संस्कृति की सराहना भी की। डेलीगेट्स की मौजूदगी से 56 दुकान क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। कृषि उप संचालक ने बताया कि ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों और प्रतिनिधियों की बैठक वैश्विक कृषि परिदृश्य, खाद्य सुरक्षा, कृषि नवाचार और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और संकटों का असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग बढ़ने से कृषि व्यापार, तकनीक और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं, जिसका लाभ मध्यप्रदेश के किसानों को भी मिलेगा। सम्मेलन के दौरान कृषि नवाचार, आधुनिक तकनीक, सतत कृषि विकास और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर विभिन्न तकनीकी सत्र और विशेषज्ञ परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इसमें सदस्य देशों के प्रतिनिधि अपने अनुभव और सफल मॉडल साझा करेंगे।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि यह सम्मेलन देश और प्रदेश दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ब्रिक्स देशों से जुड़े सम्मेलन देश के अलग-अलग शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विदेशी प्रतिनिधियों को इंदौर की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहरों से भी परिचित कराया जाएगा। इसके तहत उन्हें राजवाड़ा, सराफा, कृष्णपुरा छत्रियां सहित शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। सांसद ने कहा कि सम्मेलन के दौरान कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्री, नीति-निर्माता और विशेषज्ञ कृषि नवाचार, खाद्य सुरक्षा, आधुनिक तकनीक और किसानों की आय बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के अंत में एक साझा घोषणा-पत्र भी तैयार किया जाएगा, जो भविष्य की वैश्विक कृषि नीतियों के लिए दिशा-निर्देशक साबित हो सकता है।

माता-पिता द्वारा बेटे का स्ट्रेचर खींचने का मामला

# डीन अरविंद घनघोरिया सिक्योरिटी इंचार्ज और हेल्प डेस्क इंचार्ज की सेवाएं समाप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एमवाय हॉस्पिटल और सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के बीच भीषण गर्मी में बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर लिटाकर माता-पिता द्वारा पैदल धकेलते हुए सामने आए वीडियो के बाद सोमवार को अस्पताल प्रबंधन ने बड़ा एक्शन लिया है।**



मामले में लापरवाही पाए जाने पर डीन अरविंद घनघोरिया सिक्योरिटी इंचार्ज और हेल्प डेस्क इंचार्ज की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। इसके अलावा मामले में जिम्मेदारी तय करते हुए डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव का 7 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं। वहीं ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर तीन नर्सों का एक-एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई भी की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने आउटसोर्स एजेंसी बीवीजी कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा भी शासन को भेजी गई है। मामले में अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर अशोक यादव और न्यूरो सर्जन डॉक्टर परेश सोंधिया को भी नोटिस जारी किया गया है। प्रबंधन ने शासन को पत्र लिखकर कहा है कि दोनों डॉक्टर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। 6 जून को एक वीडियो सामने आया था, जिसमें भीषण गर्मी के बीच बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर लिटाकर उसके माता-पिता अस्पताल परिसर में खुद धक्का देते हुए नजर आए थे। वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। भीषण गर्मी में स्ट्रेचर पर एक बीमार बच्चे को ले जाते उसके माता-पिता का वीडियो वायरल होने के बाद इसके पीछे का एक दर्दभरा सच सामने आया है।

स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा बच्चा कोई सामान्य मरीज नहीं, बल्कि एक दुर्लभ बीमारी और गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या से जूझ रहा 11 वर्षीय आदर्श मलक है, जिसका इलाज पिछले कई दिनों से एमवाय अस्पताल में चल रहा है। जबरन कॉलोनी निवासी आदर्श के पिता गोलू मलक और मां ज्योति ने बताया कि उनका बेटा पिछले कुछ समय से चलने-फिरने में असमर्थ हो गया था। पहले उसे चेस्ट वार्ड में एडमिट कराया गया, जिसके बाद 20 मई से उसका उपचार एमवाय अस्पताल में चल रहा है।

## दो युवतियों के साथ रहने पर परिजनों को आपत्ति

### हमला करने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में दो युवतियों की दोस्ती और साथ रहने की इच्छा को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसकी सहेली के परिजनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना रविवार देर रात की है।**

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार स्वाति नामक युवती की शिकायत पर नितेश, उमेश, कृष्णा और नेहा के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। स्वाति का कहना है कि उसकी एक युवती से पिछले पांच सालों से दोस्ती है और दोनों साथ रहना चाहती हैं। शिकायत के मुताबिक दोनों युवतियां मार्च महीने में वैष्णो देवी, मथुरा, जम्मू-कश्मीर और हरिद्वार घूमने गई थीं। इसके बाद सहेली के पति और परिजनों को उनके रिश्ते पर आपत्ति होने लगी। आरोप है कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सहेली के परिजन उसके घर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि उमेश ने उसका सिर दीवार से टकराया, जबकि अन्य आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बाद में उसे घर से बाहर सड़क पर लाकर भी पीटा गया। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद होने की बात कही गई है। स्वाति ने बताया कि वह और उसकी सहेली पहले भी पुलिस कमिश्नर से मिलकर साथ रहने और सुरक्षा की मांग कर चुकी हैं। उनकी शिकायत महिला थाने को भेजी गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वहां उन्हें अलग होने की सलाह दी गई। बाद में सहेली को उसके परिजन अपने साथ ले गए थे, लेकिन वह फिर स्वाति के पास लौट आई। दोनों युवतियों का कहना है कि उन्हें अपने परिवारों से जान का खतरा है। मारपीट की घटना के बाद दोनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को वे अपनी शिकायत लेकर डीसीपी जोन-4 कार्यालय भी पहुंचीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रदेश भर के दाऊदी बोहरा समाज के 190 मेधावी स्टुडेंट्स सम्मानित हुए




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 2025-26 सीबीएसई, आईसीएसई, मध्यप्रदेश बोर्ड के 10वीं व 12वीं के परिक्षा परिणामों में सर्वोच्च अंक लाने वाले प्रदेश भर के दाऊदी बोहरा समाज के के 190 मेधावी स्टुडेंट्स का सम्मान समारोह फिदवी परिवार के बैनरतले शिक्षित भारत विकसित भारत अभियान के तहत शिक्षाविद् किका भाई फिदवी की स्मृति में आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए शिक्षित भारत विकसित भारत के संयोजक असगर फिदवी ने बताया कि सम्मानित 190 मेधावी स्टुडेंट्स में से 6 लड़कियों टॉपर रही, इनमें भोपाल की लामिया आगा सीबीएसई 10वीं कक्षा में 99.4%, भोपाल की फातेमा कोहिनूर सीबीएसई 12वीं में 97%, इंदौर की मरियम अगरवाला आईसीएसई 10वीं 96%, भोपाल की फातेमा मध्यप्रदेश बोर्ड 12वीं में 95.6%, बड़वानी की नाकिया नसीम मध्यप्रदेश बोर्ड 12वीं में 94.6% एवं भोपाल की इसिया सैफी आईसीएसई 12वीं में 94.2% के साथ बाजी मारी, इसके साथ ही सम्मानित 190 मेधावी स्टुडेंट्स में से इंदौर के 57, उज्जैन के 21, भोपाल के 14, बड़वानी के 14, अलीराजपुर व मंदसौर से 7-7, रतलाम से 6, रतनगढ़ 5, देवास, नीमच, सीहोर से 4-4, भाभरा, जबलपुर, खाचरोद व रतनगढ़ खेड़ी से 3-3, आलोट, महु, डही, कुक्षी, गुना, महेश्वर से 2-2, शामगढ़, बड़नगर, मनावर, राऊ, मानपुर, बड़वाह, श्योपुर, सुवासरा, भानपुरा, धार, गधरवरा, प्रतापगढ़, मरोल (मुंबई) से 1-1 स्टुडेंट्स सम्मानित हुए। सम्मान समारोह में मुंबई से प्रसिद्ध चित्रकार सफदर शामी, वरिष्ठ पत्रकार सुनिल जोशी भी सम्मानित हुए। सभी सम्मानित स्टुडेंट्स को टॉपर रही लड़कियों के साथ अन्य गणमान्यजनो ने शील्ड, मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ने शिक्षाविद् किका भाई फिदवी की शिक्षा क्षेत्र में की गई निस्वार्थ सेवाओं व कर्मठता व लग्न से प्राचार्य व शिक्षक के रूप में अपने दायित्व के निर्वाह का स्मरण कर उन्हें याद किया। प्रारंभ में अतिथि स्वागत ललित मेहता, इकबाल चप्पु, श्रीमती जुलेखा फिदवी ने किया। संचालन अरवा फिदवी ने किया। आभार फिदाली फिदवी ने किया।

## शराब पार्टी के दौरान मोबाइल के झगड़े में दोस्त की गला घोंटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ऋषिनगर (बाणगंगा) में एक युवक की मोबाइल के विवाद में हत्या कर दी गई। स्वजन समझ ही नहीं पाए और शव एमवाय अस्पताल ले गए। पोस्टमार्टम में गला घोंटने की पुष्टि हुई। पुलिसकर्मियों ने घटनास्थल देखा तो संदेही की चप्पल मिल गई। इससे सुराग मिला और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।**

दोनों का मोबाइल चलाने को लेकर झगड़ा हुआ था। आरोपित ने नशे की अवस्था में दोस्त का गला घोंट डाला।टीआइ सियाराम सिंह गुर्जर के अनुसार घटना तीन जून की ऋषिनगर की है। 35 वर्षीय रोहित पुत्र गोपालसिंह का शव संदिग्ध अवस्था में घर में मिला था। मूलतः बिहार निवासी रोहित पीओपी लगाने का काम करता था। उसकी पत्नी गर्भवती है। वह मायके गई हुई थी। मां रिश्तेदार की गमी में चली गई थी। पुलिस के अनुसार रोहित ने रात में दोस्त देवेंद्र निवासी दुर्गानगर के साथ बैठकर शराब पार्टी की थी। नशे में मोबाइल में आईडी चलाने पर दोनों में कहासुनी हो गई थी। गुस्से में देवेंद्र ने उसका सिर दीवार में ठोंक दिया और गला घोंटकर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और रोहित के पिता गोपालसिंह से चर्चा की। गोपाल ने बताया वह सो गया था। उसे कुछ जानकारी नहीं है। मौके पर एक अन्य व्यक्ति की चप्पल मिल गई। इससे देवेंद्र पुत्र संतराम का नाम सामने आया और पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार देवेंद्र भी रोहित के साथ काम करता था। दोनों शराब पीते थे। एसीपी रुबिना मिजवानी के अनुसार दोनों पीओपी लगाने का काम करते थे। आरोपित देवेंद्र अगले दिन रोहित के घर गया और बहन से जानकारी ली। उसने बताया कि दोनों नई साइट पर काम शुरू करने वाले थे, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था। एसीपी के मुताबिक, आरोपित से पूछताछ में उसने बताया कि दोनों शराब पीने के बाद कमरे में रुके थे। उस समय रोहित का पिता गैलरी में सो रहा था। रात को फिर शराब पी और खाना बनाया। इसके बाद दोनों सो गए। करीब तीन बजे मोबाइल न मिलने पर उसने रोहित को जगाया और पूछा। रोहित पहले भी उसका मोबाइल ले चुका था। इस पर कहासुनी होने लगी और देवेंद्र ने साफी से गला घोंटकर गर्दन की हड्डी तोड़ दी। रविवार को पुलिस ने रोहित के घर की छानबीन कर किचन से मोबाइल जब्त कर लिया।



## कांग्रेस के 12 विधायक कर सकते हैं क्रॉस वोटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव में तीसरी सीट ने राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। राज्यसभा के लिए खाली हो रहीं सीटों में से 2 सीटें बीजेपी की थीं जिनपर उनके नए उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिए हैं। तीसरी सीट कांग्रेस के दिग्विजय सिंह की है जिसपर मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार घोषित किया गया है। बीजेपी ने इस पर भी नजर गड़ाई और महेश केवट को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इस संबंध में पार्टी के वरिष्ठ नेता व केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कहना है कि हमारे पास अतिरिक्त वोट हैं इसलिए प्रत्याशी खड़ा किया। खास बात यह है कि एमपी से तीसरा उम्मीदवार जीत की गारंटी पर दिल्ली से मंजूरी मिलने के बाद ही उतारा गया है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के भाजपा नेता, क्रॉस वोटिंग करनेवाले कांग्रेस विधायकों की लिस्ट बना चुके हैं। एक दर्जन से ज्यादा विधायकों की इस सूची के कई एमएलए से संपर्क का भी दावा किया गया है। इस बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि यह लोकतंत्र की लड़ाई है और हर हालात में कांग्रेस का प्रत्याशी राज्यसभा जाएगा। बीजेपी नेताओं ने तीसरे उम्मीदवार के नाम पर सीएम हाउस में मंथन किया। सूत्रों के अनुसार बैठक में कांग्रेस के करीब 12 ऐसे विधायकों की सूची बनाई गई जोकि क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। इन विधायकों में से कुछ से बीजेपी के अलग अलग नेता लगातार संपर्क में बने हुए हैं। सीएम मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी नेताओं के आकलन की तस्दीक करने के बाद ही दिल्ली से संपर्क साधा था।

### मीट-फ्री जोन बनाने की तैयारी

**उज्जैन, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मांस की दुकानों को शहर सीमा से बाहर स्थानांतरित करने की पहल के बाद अब महाकाल नगरी उज्जैन में भी इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। महापौर मुकेश टटवाल ने नगर निगम आयुक्त को नीति-नियमों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद (एमआइसी) के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। महापौर का कहना है कि वे शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए मांस की दुकानों को शहरी सीमा से बाहर स्थानांतरित करने के पक्ष में हैं।

### राज्यसभा कैंडिडेट मीनाक्षी बोली- हम एकजुट

# विजयवर्गीय का दावा-भाजपा के साथ रहेंगी निर्मला सप्रे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में सागर जिले की बीना सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीतकर सदन पहुंची विधायक निर्मला सप्रे को लेकर कैलाश विजयवर्गीय ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान दावा किया कि, निर्मला सप्रे राज्सभा चुनाव में बीजेपी के साथ रहेंगी। बता दें कि भाजपा ने प्रदेश में राज्यसभा की तीसरी सीट पर भी प्रत्याशी उतार दिया है।**

मध्यप्रदेश कोटे की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए सोमवार को राजधानी भोपाल में भारी सियासी ड्रामा देखने को



मिला। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के उम्मीदवारों ने विधानसभा पहुंचकर अपने नॉमिनेशन दाखिल कर दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के तीसरे कैंडिडेट महेश केवट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में अपना पर्चा भरा, जिसके बाद सीएम ने पार्टी की जीत का पूरा भरोसा जताया। राज्यसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच सोमवार दोपहर में बीना विधायक निर्मला सप्रे सीएम हाउस पहुंची थीं। यहां उनकी सीएम व पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात हुई है। जाहिर है राज्यसभा चुनाव के बीच यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। हालांकि मीटिंग के दौरान क्या बातचीत हुई, किन—किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसको लेकर स्थिति सामने नहीं आ सकी है। इससे पहले, कांग्रेस कैंडिडेट मीनाक्षी नटराजन पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और विधायकों के साथ विधानसभा पहुंचीं। यहां राज्यसभा चुनाव के लिए नॉमिनेशन दाखिल किया। नटराजन ने कहा- हम सब एकजुटता से लड़ेंगे और जीतेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान बीना विधायक निर्मला सप्रे भाजपा के पाले में पहुंच गईं थी। वे राहतगढ़ की सभा में सीएम मोहन यादव के मंच पर पहुंची थी, तब से वे भाजपा के हर कार्यक्रम और कार्यालय में पहुंचती रहीं हैं। हालांकि उन्होंने कांग्रेस से कभी इस्तीफा नहीं दिया, लेकिन भाजपा में पहुंच गई। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष ने इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष और हाईकोर्ट में उनकी सदस्यता निरस्त करने याचिका दाखिल की है, जिस पर सुनवाई चल रही है।

## 'ड्राइविंग लाइसेंस' के लिए अब '100 नंबर' का होगा टेस्ट

### 60 नंबर लाना जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि हर कोई फोरव्हीलर ड्राइविंग नहीं कर सकेगा। आने वाले समय में एमपी में फोर व्हीलर लाइसेंस बनवाने के नियम सख्त होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की नई नई व्यवस्था शुरु होने जा रही है।**

ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल शुरू होने के बाद ड्राइविंग टेस्ट 100 नंबर का होगा और पास होने के लिए कम से कम 60 नंबर लाना जरूरी होगा। अगर आपके एक नंबर भी कम होंगे तो आपको फेल माना जाएगा। आपको ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बनेगा। परीक्षा देने के लिए आपको नया स्लॉट लेना होगा। ड्राइविंग लाइसेंस बनने की प्रकिया में लिया जाने वाला टेस्ट सेंसर और कैमरों की



निगरानी में होगा। लाइन तोड़ने, सिग्नल का पालन नहीं करने, वाहन नियंत्रण खोने या ट्रैक पर गलती करने पर अंक काटे जाएंगे। कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 100 में से 100 अंक अनिवार्य होंगे। छोटी गलती पर भी आवेदक फेल हो सकेगा। इस नई व्यवस्था को शुरु करने के पीछे का उद्देश्य केवल प्रशिक्षित और कुशल चालकों को लाइसेंस देना है।

## कंटेनर ने कुचले बाइक सवार मां-बेटे के सिर, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** डबरा-ग्वालियर हाईवे पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। कंटेनर का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। वहीं कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक दतिया जिले की बड़ौनी तहसील के ग्राम बिलहारी निवासी राकेश नामदेव (47 वर्ष) और उनकी मां भगवती नामदेव थीं। राकेश अपनी मां को इलाज के लिए दतिया से ग्वालियर ले जा रहे थे।

## म.प्र. के संविदा कर्मचारियों को राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश सरकार ने संविदा अधिकारी-कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक अप्रैल 2026 से संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में 4.46 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू होगी। इस फैसले से प्रदेश के करीब एक लाख संविदा अधिकारी-कर्मचारियों को लाभ मिलने की संभावना है। वित्त विभाग ने यह आदेश सामान्य प्रशासन विभाग की 22 जुलाई 2023 को जारी संविदा नीति के प्रावधानों के तहत जारी किया है। नीति में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर हर वर्ष संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में संशोधन का प्रावधान किया गया है।

## भाजपा के तीसरे उम्मीदवार महेश केवट ने भरा नामांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति के तहत तीसरे प्रत्याशी के रूप में महेश केवट का नाम सामने लाया है। 8 जून का दिन राज्य की राजनीति के लिए विशेष रहा, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेताओं और विधायकों के साथ महेश केवट का नामांकन पत्र जमा कराया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पार्टी की जीत के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मीडिया से चर्चा



करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड द्वारा राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी के रूप में महेश केवट का चयन किया गया है। उन्होंने आज अपना नामांकन फॉर्म जमा किया है। डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है कि तीनों राज्यसभा सीटों पर उसके प्रत्याशी निर्वाचित होकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की जनता के विश्वास का प्रतीक है और पार्टी हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### महाकाल मंदिर की सुरक्षा में बड़ी चूक

## पुष्पा लुक में युवक पहुंचा सुरक्षाकर्मियों संग ली सेल्फी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फिल्म पुष्पा के अभिनेता अल्लू अर्जुन के किरदार की तर्ज पर साड़ी-ब्लाउज, नथनी, पायल और नींबू की माला पहनकर एक युवक मंदिर परिसर में प्रवेश कर गया। हैरानी की बात यह रही कि जिन सुरक्षाकर्मियों पर नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी थी, वे ही उसके साथ सेल्फी लेते नजर आए।

महाकाल मंदिर परिसर में फोटोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है और आपत्तिजनक या अनुचित वेशभूषा में प्रवेश भी वर्जित माना जाता है। इसके बावजूद



मानसरोवर गेट पर तैनात आधा दर्जन से अधिक सुरक्षाकर्मियों ने युवक को न केवल नहीं रोका, बल्कि उसके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। आरोप है कि एक कर्मचारी ने उसे विशेष प्रोटोकॉल देते हुए गणेश मंडपम तक दर्शन भी कराए। इस दौरान युवक ने मंदिर परिसर का वीडियो बनाया और बाद में उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

दो दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में मंदिर के सुरक्षाकर्मी ही नियमों की अनदेखी करते दिखाई दे रहे हैं। युवक के फिल्मी अंदाज को देखकर श्रद्धालु जहां हैरान थे, वहीं सुरक्षा में तैनात कर्मचारी उसके साथ फोटो और वीडियो बनवाने में सहयोग करते नजर आए। 5 फरवरी को हुई इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मंदिर प्रशासन हरकत में आया है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित सुपरवाइजर को हटा दिया है।

## संपादकीय

### UNSC में गूंजा भारत: पाक के 'व्यापारिक आतंकवाद' पर कड़ा प्रहार

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर घेरा है। अफगानिस्तान के हालात पर चर्चा के दौरान यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथनेनी हरीश ने देश का पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि भारत ने हर मोर्चे पर अफगानिस्तान की मदद की है, जबकि पाकिस्तान ने हालिया महीनों में बार-बार हवाई हमले करते हुए अफगानी लोगों के लिए मुसीबत खड़ी की है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के सैन्य हमलों की निंदा करते हुए इसे नरसंहार करार दिया है। पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर बेकसूर आम नागरिकों को मारा है। पाकिस्तान की यह हरकत सीधेतौर पर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन है। भारतीय प्रतिनिधि ने UNAMA (अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि सिर्फ 2026 के शुरुआती तीन महीनों में 372 आम नागरिक मारे गए और 397 घायल हुए। इनमें से बड़ी संख्या में लोग रमजान के पवित्र महीने के दौरान हताहत हुए। पी हरीश ने पाकिस्तान पर अफगान क्षेत्र को जानबूझकर निशाना बनाने और साथ ही अफगानिस्तान के लिए व्यापार और पारगमन मार्गों में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इस नीति को व्यापार और पारगमन आतंकवाद करार दिया और दुनिया से इस पर ध्यान देने की अपील की। भारतीय प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान एक 'लैंडलॉक' (चारों ओर से जमीन से घिरा) देश है। उसकी इस स्थिति का इस्तेमाल पाकिस्तान ने एक हथियार के तौर पर किया है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान ने सामानों की सीमा-पार आवाजाही पर प्रतिबंध लगाए हैं। अफगानिस्तान के सामानों पर बैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों, लैंडलॉक विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र के घोषणापत्रों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन है। भारत ने अफगान व्यापार मार्ग खुला रखने के प्रयास किए हैं, जिसमें बिना टैरिफ बाजार तक पहुंच और एयर फ्रेट कॉरिडोर शामिल है। भारत ने UNSC के मंच से यह भी बताया कि दिल्ली ने अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर मानवीय और विकास संबंधी मदद की है। पी हरीश ने कहा कि भारत की अफगानिस्तान को मदद सभी 34 प्रांतों में फैली हुई है। भारत की मदद के अफगानिस्तान में 500 से ज्यादा प्रोजेक्ट हैं। साल 2021 से भारत ने 50,000 टन गेहूं, 420 टन दवाएं और टीके और 40,000 लीटर कीटनाशक अफगानिस्तान भेजे हैं। इस साल अप्रैल में ही भारत ने बाढ़ राहत का जरूरी सामान और टीके काबुल भेजे, जिनमें BCG और टेटनस-डिप्थीरिया की खुराकें शामिल थीं। भारत ने अफगानिस्तान के पक्तिका, खोस्त और पक्तिया में मैटरनिटी क्लीनिक, काबुल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ का अपग्रेडेशन, ऑन्कोलॉजी सेंटर, ट्रॉमा सेंटर और 30 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया है।

**Health is Wealth**

# सप्लीमेंट्स को टक्कर देते हैं ये 5 देसी फूड्स

## 70 की उम्र में भी रहेंगे जवान, मिलते हैं कई फायदे



**आजकल लोग फिट रहने और लंबी उम्र तक स्वस्थ जीवन जीने के लिए महंगे विदेशी सप्लीमेंट्स पर खूब पैसा खर्च कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत की रसोई में मौजूद कुछ पारंपरिक खाद्य पदार्थ पोषण के मामले में किसी भी महंगे सप्लीमेंट से कम नहीं हैं? यही वजह है कि अब मखाना, मोरिंगा, आंवला, बाजरा और हल्दी जैसे भारतीय सुपरफूड्स की मांग सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी तेजी से बढ़ रही है। कोविड महामारी के बाद लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता बढ़ी है। अब अधिकतर लोग प्राकृतिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करना पसंद कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय सुपरफूड्स दुनिया भर के हेल्थ कॉन्शियस लोगों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।**

### ● मखाना बना हेल्दी स्नैक की पहली पसंद

एक समय सिर्फ व्रत और त्योहारों तक सीमित रहने वाला मखाना अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बना चुका है। प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर मखाना कम कैलोरी वाला स्नैक माना जाता है। इसे खाने से लंबे समय तक पेट भरा महसूस हो सकता है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती। यही कारण है कि फिटनेस पसंद करने वाले लोग इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना रहे हैं। भुना हुआ मखाना स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी माना जाता है।

### ● मोरिंगा को कहा जाता है 'मिरेकल प्लांट'

सहजन या मोरिंगा को दुनिया के सबसे पौष्टिक पौधों में गिना जाता है। इसकी पत्तियां, फलियां और पाउडर कई देशों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। मोरिंगा में कई जरूरी विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यही वजह है कि मोरिंगा आधारित उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। कई लोग इसे सूप, स्मूदी और हेल्दी ड्रिंक्स में मिलाकर सेवन करते हैं।

### ● आंवला: आयुर्वेद का अनमोल खजाना

भारतीय आयुर्वेद में आंवले का इस्तेमाल सदियों से किया जाता रहा है। विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर आंवला शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मददगार माना जाता है। आंवले का सेवन जूस, मुरब्बा, चूर्ण या चटनी के रूप में किया जाता है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अब इसे नियमित डाइट में शामिल कर रहे हैं, जिसके चलते इसकी लोकप्रियता विदेशों तक पहुंच चुकी है।

### ● बाजरा फिर से बना लोगों की पसंद

कभी गांवों के भोजन का हिस्सा माना जाने वाला बाजरा अब सुपरफूड के रूप में पहचान बना रहा है। फाइबर और कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर बाजरा स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। ग्लूटेन-फ्री होने की वजह से भी इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। आजकल कई लोग गेहूं और चावल की जगह बाजरे से बने खाद्य पदार्थों को चुन रहे हैं।

### ● हल्दी का जादू दुनिया ने भी माना

भारतीय रसोई का सबसे आम मसाला हल्दी अब दुनिया भर में सुपरफूड के तौर पर लोकप्रिय हो चुका है। इसमें पाया जाने वाला करक्यूमिन अपने शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। हल्दी वाले दूध से लेकर सप्लीमेंट्स तक, आज कई देशों में हल्दी आधारित उत्पादों का उपयोग बढ़ गया है। यही कारण है कि विदेशी बाजारों में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

### ● क्यों बढ़ रही है इन देसी सुपरफूड्स की लोकप्रियता?

विशेषज्ञों का मानना है कि लोग अब प्राकृतिक और कम प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की ओर लौट रहे हैं। भारतीय सुपरफूड्स न केवल पोषण से भरपूर हैं, बल्कि ये आसानी से उपलब्ध और अपेक्षाकृत किफायती भी हैं। इसी वजह से मखाना, मोरिंगा, आंवला, बाजरा और हल्दी जैसे देसी खाद्य पदार्थ अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। आने वाले समय में इनकी लोकप्रियता और भी बढ़ने की संभावना है।

New Delhi

# राष्ट्रपति भवन में गूंजी जांबाजों की वीरता, पीएम मोदी को मौजूदगी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीरों को वीर चक्र और शौर्य चक्र से नवाजा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-I में वीरता पुरस्कार प्रदान किए। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान के गायन के साथ हुई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे, जहां सशस्त्र बलों के कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए गए।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान असाधारण वीरता, साहस और विशिष्ट सेवा के लिए फ्लाइट लेफ्टिनेंट (वर्तमान स्क्वाड्रन लीडर)



आर्शवीर सिंह ठाकुर को वीर चक्र से सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और रूपा ए. को 'सागर परिक्रमा II' अभियान के दौरान असाधारण साहस, समुद्री कौशल और सहनशक्ति के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में एक सैन्य अभियान के दौरान असाधारण वीरता दिखाने के लिए भारतीय सेना के मेजर आदित्य प्रताप सिंह को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ में नक्सल-विरोधी ऑपरेशन के दौरान असाधारण बहादुरी दिखाने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट और इंस्पेक्टर रामेश्वर प्रसाद देशमुख को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

New Delhi

## मॉनसून की बढ़ी रफ्तार, लेकिन उत्तर भारत में अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जून का दूसरा हफ्ता शुरू होते ही देश में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं. दक्षिण-पश्चिम मॉनसून लगातार आगे बढ़ रहा है और केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पूर्वोत्तर भारत समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की जा रही है. वहीं दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में गर्मी और लू का प्रकोप अभी भी बरकरार है.

भारत मौसम विभाग (IMD) के अनुसार 14 जून तक देश के अधिकांश हिस्सों में मौसम सक्रिय रहेगा. कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं. वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में 11 जून तक तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है.

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब में 11 जून तक लू चलने की संभावना जताई गई है. इन इलाकों में दिन का तापमान सामान्य से ऊपर बना रह सकता है. हालांकि 11 जून के बाद पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है.

New Delhi

## गीजर में छिपाकर ला रहे थे 5 करोड़ का गांजा, एयरपोर्ट पर दो यात्रियों को कस्टम ने पकड़ा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 15.38 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा/वीड तस्करी का प्रयास नाकाम कर दिया। कुआलालंपुर से आए 2 यात्रियों के सामान में लगे नए गीजरों के अंदर अत्याधुनिक तरीके से छिपाकर लाया जा रहा मादक पदार्थ बरामद हुआ। कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार 7 जून 2026 को फ्लाइट नंबर D7-182 से कुआलालंपुर से पहुंचे दो यात्रियों को प्रोफाइलिंग और पुख्ता इंटेलिजेंस के आधार पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोका गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने देखा कि यात्रियों के चेक-इन बैग के अलावा 2 नए गीजर भी थे। सघन पूछताछ और मोबाइल कम्युनिकेशन की जांच में संदेह गहरा होने पर गीजरों को एक्स-रे मशीन से स्कैन किया गया। एक्स-रे में गीजर के अंदरूनी हिस्से में छिपे सामान का शक हुआ। इसके बाद जब गीजर खोले गए तो अंदर एक अत्यधिक परिष्कृत छिपाने की व्यवस्था (हाईली सोफिस्टिकेटेड हाइडिंग मैकेनिज्म) सामने आया।

Uttarpradesh

## हनुमान मंदिर में घुसकर पुजारी की हत्या, ईंट-पत्थर और लोहे की रॉड से मारकर ली जान

**हाथरस, (एजेंसी)** यूपी के हाथरस में कोतवाली सहपऊ क्षेत्र के कस्बा सहपऊ स्थित हनुमान टीला मंदिर के पुजारी के सिर पर देर रात भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुजारी का शव तख्त के नीचे रक्तरंजित अवस्था में पड़ा मिला। सिर पर चोट के निशान थे। शव के आसपास ईंट-पत्थर, लोहे की रॉड पड़ी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है। दिलीप उर्फ चंदू लाला 51 निवासी नगला सुखराम थाना सहपऊ पिछले आठ माह से हनुमान टीला स्थित मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा दे रहे थे। रविवार की रात उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार कर उनकी हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह पुजारी का शव रक्तरंजित अवस्था में



तख्त के नीचे पड़ा मिला। मौके पर ईंट-पत्थर व लोहे की रॉड पड़ी हुई थी। भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉयड की टीम मौके पर पहुंच गई। टीमों ने मौके से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

खेल

# भारत ने रचा इतिहास, टेस्ट में दर्ज की सबसे बड़ी जीत अफगानिस्तान को पारी और 300 रनों से हराया

**मुल्लांपुर, (एजेंसी)** भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट मैच में पारी और 300 रनों से हराया। भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी और अफगानिस्तान की पहली पारी तीसरे दिन 152 रन पर ऑलआउट की। भारत को इस तरह 412 रनों की बढ़त हासिल हुई और टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया। अफगानिस्तान की दूसरी पारी में बल्लेबाजी बेहद खराब रही और टीम 112 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान ने दूसरी पारी में नौ विकेट गंवाए थे, लेकिन अशरफ बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे।

पहली पारी में बड़ी बढ़त मिलने के बाद भारत ने अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया। हालांकि दूसरी पारी में भी मेहमान टीम की बल्लेबाजी में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। अफगानिस्तान की ओर से सेदिकुल्लाह अटल ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। पूरी टीम सिर्फ




112 रन पर ढेर हो गई। दूसरी पारी में केवल तीन बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। मानव सुथार ने एक और विकेट अपने नाम किया, जबकि मोहम्मद सिराज को भी एक सफलता मिली।

इस मैच की सबसे बड़ी सकारात्मक बात भारतीय टीम के लिए मानव सुथार का प्रदर्शन रहा। पदार्पण टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में छह और दूसरी पारी में एक विकेट लेकर कुल सात विकेट हासिल किए। अपनी सटीक लाइन-लेंथ और नियंत्रण से उन्होंने अफगान बल्लेबाजों को लगातार दबाव में रखा और मैच में निर्णायक भूमिका निभाई।

भारत की पारी और 300 रन की जीत टेस्ट क्रिकेट में पारी के अंतर से उसकी सबसे बड़ी जीत बन गई। इसके अलावा भारत ने 2023 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में 550 से अधिक रन बनाए। वहीं 564 रन अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। हालांकि, यह मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं था, इसलिए भारतीय टीम को अंक तालिका में कोई लाभ नहीं मिला।

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने संभलकर की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन बनाए और अपने टेस्ट करियर का शतक पूरा किया। वहीं साई सुदर्शन ने 104 गेंदों में 81 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल ने जिम्मेदारी संभाली और बेहतरीन शतक जड़ा।

सिनेमा

## राम चरण ने हिलाया सूर्या का सिंहासन, 'पेड्डी' ने मंडे को किया 'करुप्पू' का बुरा हाल



साउथ एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पू' को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही क्रेज देखने के मिला। ये फिल्म 14 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। वहीं, आज इसे रिलीज हुए 25 दिन पूरे हो गए हैं। इसके बावजूद ये मूवी अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में सूर्या ने अपनी दमदार एक्टिंग से हर किसी का दिल जीता है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई की। वहीं, अब सूर्या की 'करुप्पू' के सामने राम चरण की 'पेड्डी' और वरुण धवन की 'है जवानी तो इश्क होना है' खड़ी है। ऐसे में इसके लिए कमाई को लेकर तगड़ा कॉम्पिटिशन हो गया है। 'करुप्पू' को दर्शकों और क्रिटिक्स के शानदार रिव्यू मिले हैं। वहीं, अब इसके मंडे बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ चुके हैं। तो चलिए जानते हैं इसने अब तक कितना कलेक्शन कर लिया है। साउथ सुपरस्टार सूर्या ने करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इन दिनों सूर्या 'करुप्पू' को लेकर काफी खबरों में हैं। ये फिल्म सूर्या की हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल होने के लिए तैयार है। यही नहीं, ये फिल्म सूर्या के लिए भी काफी शानदार साबित हुई है। 'करुप्पू' ने ओपनिंग डे यानी 14 मई को 15.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ऐसे में अब इसके 25वें दिन के कलेक्शन आ चुके हैं। Sacnilk के मुताबिक, 'करुप्पू' ने सोमवार को 0.53 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया। ऐसे में 'करुप्पू' का अबतक का कलेक्शन भारत में 193.93 करोड़ (नेट कलेक्शन) हो गया है। उम्मीद है फाइनल आंकड़े और भी बेहतर होंगे।

## Highlights

1. Khan Sir's coaching centre gets 7 days to meet fire safety norms or face action
2. Chocolate unit raided for alleged food safety violations
3. American vlogger calls Chandni Chowk street food ‘super clean’
4. Vijay orders cleanup as ₹1,600 cr 'party fund' collected from liquor shops in TN
5. Jaipur on high alert ahead of anti-encroachment action on 5 religious structures
6. No tanker water in Mumbai from today as operators announce indefinite strike
7. Assamese worker found dead in Bengaluru, family seeks answers

# Parents are back in control as Apple bets on expanded Child Safety suite




**NEW DEIHI, (Agency).** At the WWDC 26 keynote, Apple touched upon a number of new things heading our way in the coming months. Developer beta versions of iOS 27, iPadOS 27, and macOS 27 Golden Gate are already available. Public betas will roll out next month and final versions are expected in September before the next-generation iPhones go on sale. Two things stand out, besides the significantly reworked approach to Apple Intelligence, an artificial intelligence (AI) conversation that was inevitable. First, Apple’s way of communicating what’s new and what’s changed has the sort of human touch missing from Google’s recent I/O keynote and Android announcements. Secondly, Apple has not lost track of things that matter to the humans who use their tech.

The keynote detailed how Apple is adding a suite of child safety features, in addition to many already available to parents. “At Apple, our mission has always been to create technology that empowers people and enriches their lives, while helping keep them safe,” said Sumbul Desai, MD and vice president of health and fitness at Apple.

“Our approach to helping families create safer digital experiences is grounded in the belief that every child is unique. That’s why we build simple and intuitive tools, based on expert guidance, to let parents tailor their kids’ digital journey. Today, we’re introducing major updates to help families thoughtfully establish age-based protections and develop healthy digital habits,” Desai added.

The basis of the new safety features is the Child Account configuration, which will unlock for parents the ability to control what children can see, who they can talk to, and provide broader guidance for their digital content consumption. Apple says a Child Account is required for children up to age 13 and is also available as an option for children up to age 18.

Once this account is set up, parents will be able to unlock selected content and apps at any time. This includes which apps children will be able to download from the App Store, and now which websites they can access on Safari on iPhone, iPad or Mac. This is in addition to the Ask to Buy feature, where parents still need to approve an app download.

“With AI, both content generation and access has become extremely easy. Higher screen time and what a child has access to in their phones in private is one of the key anxiety points of a parent. Apple has worked a lot towards solving this by building multiple guard rails and giving greater control to a parent on what their child can see, access and even who they can talk to,” said Tarun Pathak, research director with counterpoint research, in a conversation with HT.

This also builds a strong value proposition for a parent to choose iOS or iPadOS for their children for a greater peace of mind,” Pathak added, noting Apple has addressed a ‘key issue’. Across iOS, iPadOS and macOS, new functionality is being added. In the iPhone and iPad for instance, a new setup assistant on devices that are being set up for a child account, will give parents an option to disable certain system apps.

# आईपीएल सट्टे में 4.50 लाख हारे युवक ने खाया जहर, उपचार के दौरान मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नालिया बाखल क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने आईपीएल सट्टे में लाखों रुपए हारने के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें युवक ने आईपीएल सट्टे में करीब साढ़े चार लाख रुपए हारने का जिक्र किया है।

सराफा थाना पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अमन मकवाना (26) पुत्र



दिलीप मकवाना रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमन ने रविवार दोपहर घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। उस समय घर पर उसकी छोटी बहन मौजूद थी। बहन ने हालत बिगड़ती देख मामा को फोन किया, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को अमन के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। नोट में उसने अपनी मां और दोनों बहनों से माफी मांगते हुए लिखा है कि वह आईपीएल का सट्टा खेल रहा था और इसमें करीब साढ़े चार लाख रुपए हार गया था। इसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार अमन एक निजी कंपनी में काम करता था। कुछ समय पहले ही उसके पिता की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी थी। परिवार में मां और दो बहनें हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। घटना के समय उसकी मां तीर्थ यात्रा पर गई हुई थीं। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# युवती से दोस्ती पर विवाद, भाई ने चाकू से कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवती से बातचीत और दोस्ती को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि युवती के भाई ने एक ड्राइवर पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया, जिसे उसके दोस्त निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाणगंगा थाना पुलिस के मुताबिक अभिषेक पाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह पेशे से ड्राइवर है और उसकी दोस्ती आरोपी शिवम की बहन से थी। रविवार रात उसके मोबाइल पर युवती का मिस कॉल आया था। बाद में जब उसने वापस कॉल किया तो शिवम फोन पर अपशब्द कहने लगा। अभिषेक के अनुसार देर रात शिवम उसके घर पहुंचा और बाहर बुलाकर बहन से बात करने को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद दोनों ने बातचीत के लिए नवचेतन स्कूल के पास मिलने का तय किया। अभिषेक अपने दोस्त प्रमोद साहू के साथ वहां पहुंचा था। शिकायत के मुताबिक बातचीत के दौरान अचानक शिवम ने चाकू निकालकर अभिषेक पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने एक पत्थर उठाकर अभिषेक के चेहरे पर भी मार दिया। हमले में घायल अभिषेक को उसके दोस्त तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर आरोपी शिवम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक